भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1385**

दिनांक 02.12.2014/ 11 अग्रहायण, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**आतंकवाद संबंधी समझौता**

**†1385. श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन:**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में भारत और संयुक्त राज्य अमरीका के बीच आतंकवाद के मुद्दे पर किसी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) और (ख): हाल ही में भारत तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच आतंकवाद के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं हुआ है। तथापि, भारत के प्रधानमंत्री की संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा के दौरान जारी संयुक्त वक्तव्य में, प्रधानमंत्री तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति ने आतंकवाद से उत्पन्न सतत खतरे के संबंध में अपनी गहरी चिंता व्यक्त की थी और आतंकवाद से लड़ने तथा इसको समाप्त करने के लिए सतत व्यापक वैश्विक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया।**

*****